सिकलसेल पुष्टि हेतु नयी जांच किट (पी.ओ.सी.)
उपयोग करने की विधि



1. ड्रॉपर का उपयोग करते हुए टेस्ट ट्यूब में पीने के सामान्य पानी की 6 बूँदें लेनी हैं।
2. स्वाब से उंगली पोछें। लैंसेट का उपयोग कर खून की 1 बूंद ब्लड सैम्पल डिवाइस पेपर की सहायता से लेनी है। ब्लड सैम्पल पेपर की सफेद पट्टी को ब्लड में तब तक रखें, जब तक सफेद पट्टी ब्लड की बूंद को सोखकर लाल न हो जाए।
3. ब्लड सैंपल पेपर को टेस्ट ट्यूब (जिसमें टेस्ट के लिए पानी लिया गया है) में डालें और पानी एवं ब्लड को हिलाकर घोलें। खून घुलने से पानी का रंग गुलाबी हो जाना चाहिए। ब्लड सैंपल पेपर को टेस्ट टयूब में ही रहने दें।
4. एक टेस्ट स्ट्रिप को डिबिया से निकालें और डिबिया को बंद कर दें। टेस्ट स्ट्रिप को टेस्ट ट्यूब के अंदर रखें जिसमें तीर का निशान (🡣) नीचे की तरफ हो।
5. टेस्ट ट्यूब को स्टैंड में रखकर 10 मिनट तक प्रतीक्षा करें।
6. 10 मिनट के पश्चात् टेस्ट स्ट्रिप को बाहर निकालें तथा चार्ट से तुलना कर परिणाम देखें।

ध्यान रखने वाली बातें -

- किट को खोलने के बाद एक माह में पूरा उपयोग कर लेना है।
- टेस्ट स्ट्रिप व ब्लड सैम्पल पेपर को गीले हाथ से न छूएं।

परिणाम -

1. परिणाम देखने के लिए टेस्ट स्ट्रिप को चार्ट के साथ रखकर देखें। तीर का निशान (↓) नीचे की तरफ होना चाहिए।

- यदि एक रेखा ऊपर और दो रेखाएं नीचे हों तो परिणाम **AA** है।
- यदि एक रेखा ऊपर और एक रेखा नीचे दिखाई दें, तो परिणाम **AS** है।
- यदि दो रेखाएं ऊपर और एक रेखा नीचे हों तो परिणाम **SS** है।



2. अमान्य परिणाम को पहचानना -

- यदि 4 रेखाएं दिखाई दें तो परिणाम अमान्य है। जांच फिर से करें।
- यदि ऊपर से पहली रेखा (कंट्रोल) दिखाई ना दे तो परिणाम अमान्य है। जांच फिर से करें।



टेस्ट रिजल्ट अमान्य